“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (विंग रक्षा)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली: कार्तिक 29, 1944
रविवारः 20 नवंबर 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 22-23 नवंबर को कंबोडिया के दौरे के दौरान आसियान रक्षा मंत्रियों की प्लसबैठक और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे

कंबोडिया के उप प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री सामदेच पिचे सेना टीईए बान्ह के निमंत्रण पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 22-23 नवंबर 2022 तक कंबोडिया का आधिकारिक दौरा करेंगे। कंबोडिया, आसियान रक्षा मंत्रियों की प्लस (एडीएमएम प्लस) बैठक के द चेयर के रूप में, सिएम रीप, कंबोडिया में 9वीं वार्षिक बैठक की मेजबानी कर रहा है और रक्षा मंत्री 23 नवंबर 2022 को फोरम को संबोधित करेंगे। वह कंबोडिया के प्रधानमंत्री से भी भेंटवार्ता करेंगे।

भारत-आसियान संबंधों के 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, भारत और कंबोडिया 22 नवंबर 2022 को श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में पहली भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक के दौरान भारत-आसियान साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा करने की योजना है।

भारत 1992 में आसियान का संवाद भागीदार बना और एडीएमएम-प्लस का उद्घाटन समारोह 12 अक्टूबर 2010 को हनोई, वियतनाम में आयोजित किया गया था। वर्ष 2017 से, एडीएमएम-प्लस मंत्री आसियान और प्लस देशों के बीच बातचीत और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए वार्षिक बैठक कर रहे हैं। भारत और आसियान ने नवंबर 2022 में अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाया है।

एडीएमएम-प्लस बैठक और भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक के अलावा रक्षा मंत्री भाग लेने वाले देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वार्ता के दौरान, श्री राजनाथ सिंह रक्षा सहयोग के मामलों और पारस्परिक रूप से लाभदायक संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।

एसआर/डीएस